आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 23.01.2026**

**मुख्य समाचारः—**

1— नवा रायपुर में शुरू हुआ तीन दिवसीय साहित्य उत्सव—राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश ने किया शुभारंभ।

2— धमतरी जिले में सैंतालीस लाख रूपए के इनामी नौ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

3— रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**और**

3— रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद शुरू होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी—ट्वेंटी मैच।

.........

**रायपुर साहित्य उत्सव**

नवा रायपुर में आज से रायपुर साहित्य उत्सव शुरू हो गया है। इस उत्सव का शुभारंभ राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री हरिवंश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहित्य की एक समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है तथा प्रदेश ने अपनी स्थानीय संस्कृति को हमेशा मजबूती से संजोकर रखा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा यह समय गणतंत्र के अमृतकाल और छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष का है तथा इसी भाव के अनुरूप इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस उत्सव को साहित्य का महाकुंभ बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती ने हिंदी साहित्य को अनेक महान पुरोधा दिए हैं।

समारोह में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉक्टर कुमुद शर्मा, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी और अभिनेता मनोज जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

तीन दिवसीय इस साहित्य उत्सव के दौरान कुल बयालीस सत्र होंगे, जिनमें समकालीन साहित्य के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर गहन विमर्श होगा। इस उत्सव में देशभर के एक सौ बीस साहित्यकार शामिल हो रहे हैं।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' **इस बार नवा रायपुर में आयोजित रायपुर साहित्य उत्सव पर केन्द्रित रहेगा।** इसका प्रसारण कल चौबीस जनवरी को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्ष दो हजार चौबीस के एक सौ दस और वर्ष दो हजार पच्चीस के एक सौ उनतीस टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए। इनमें पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थी भी शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत इस प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि सत्र दो हजार चौबीस और पच्चीस के दसवीं तथा बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के दो सौ उनतालीस मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल, प्रशस्ति पत्र और प्रत्येक विद्यार्थी को डेढ़–डेढ़ लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में दी गई है।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

धमतरी जिले में आज नौ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें सात महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन सभी माओवादियों पर कुल सैंतालीस लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस महानिरीक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि इन माओवादियों ने दो इंसास रायफल, दो एसएलआर, काबाईन और भरमार बंदूक सहित कई अन्य हथियार भी सौंपे।

## पुलिस कमिश्नरी प्रणाली

राजधानी रायपुर में आज से पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू हो गई है। रायपुर के पहले पुलिस आयुक्त के रूप में आईपीएस डॉक्टर संजीव शुक्ला ने कमिश्नर कार्यालय में आज अपना पदभार ग्रहण किया। आईपीएस श्री शुक्ला इससे पहले बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक थे। दो हजार चार बैच के आईपीएस श्री शुक्ला को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दो बार राष्ट्रपति मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली में रायपुर शहर के इक्कीस थानों और रायपुर ग्रामीण के बारह पुलिस थानों को शामिल किया गया है।

**पुलिस विभाग–फेरबदल**

राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा के पन्द्रह अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को रायपुर रेल और जशपुर के पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह को रायगढ़ का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह को जशपुर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

**क्रिकेट–मैच**

रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी–ट्वेंटी मैच अब से कुछ देर बाद शुरू होगा। टी–ट्वेंटी मैच को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि पांच मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य से आगे हैं। अभी–अभी जानकारी के मुताबिक भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।

**संयंत्र हादसा–जांच/मुआवजा**

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के धौराभाठा स्थित रियल इस्पात कारखाना परिसर में घटित दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन होना पाया गया है। इसे देखते हुए संयंत्र के फर्नेश क्रमांक–एक के संचालन और मेंटेनेंस सहित सभी कार्यों पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कल इस संयंत्र में विस्फोट और गर्म लावे की चपेट में आने से छह श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पांच श्रमिक गंभीर रूप से घायल हैं।

इस बीच, रियल इस्पात सयंत्र प्रबंधन की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को बीस–बीस लाख रूपए और घायलों को पांच–पांच लाख रुपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक

मृतक के परिजन को कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष से औसतन दस लाख रुपये तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम से पेंशन के रूप में आगामी वर्षों में औसतन कुल पन्द्रह लाख रूपए दिए जाएंगे।

**छत्तीसगढ़–झांकी**

रक्षा मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया के समक्ष छत्तीसगढ़ सहित गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाली विभिन्न प्रदेशों की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। गणतंत्र दिवस से पहले कर्तव्य पथ पर आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में छत्तीसगढ़ की झांकी ने अपनी विशिष्ट और आकर्षक प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। झांकी में जनजातीय समाज की जीवनशैली, पारंपरिक कला, लोकनृत्य, वेशभूषा और ऐतिहासिक विरासत की झलक को प्रदर्शित किया गया है। यह झांकी देश के पहले जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की थीम पर आधारित है।

इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ सहित सत्रह राज्यों की झांकियों का चयन किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल चौबीस जनवरी को नवा रायपुर के माना–तूता में प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन करेंगे।

बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में श्रद्धा, आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है।

– राज्य सरकार ने प्रदेश के पांच नए मेडिकल कॉलेजों में डीन की नियुक्ति कर दी है।

– राज्य शासन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नवनियुक्त सलाहकार आर. कृष्णा दास को केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया है। जारी आदेश के अनुसार श्री दास, मुख्यमंत्री को मीडिया से संबंधित विषयों सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर परामर्श देंगे।

–	दुर्ग के दारगांव में महिला कमांडो सिविल डिफेंस प्रशिक्षण और प्रेरणा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम थीं।

–	भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा बस्तर जिले की बकावंड जनपद पंचायत के इरीकपाल गांव में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रैली, चित्रकला, संगोष्ठी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

और

–	बीजापुर जिले के इल्मीडी थाना क्षेत्र स्थित लंकापल्ली के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>